Title: Raised a protest on the statement by Chief Minister of Bihar against the Governor.

प्रो. रीता वर्मा (धनबाद): आप लोग मेरी बात को शांतिपूर्वक सुने, यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, आज मैं इस गौरवशाली सदन के सामने

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seat. The Minister has already replied.

... (Interruptions)

प्रो. रीता वर्मा : अध्यक्ष जी, आज मैं इस सदन के सामने सदन की मर्यादा का एक प्रश्न खड़ा कर रही हूं। मैं इस गौरवशाली सदन और देश की सबसे बड़ी पंचायत के सामने संवैधानिक मर्यादा का एक प्रश्न खड़ा कर रही हूं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Prof. Rita Verma says.

(Interruptions)*

प्रो. रीता वर्मा : अध्यक्ष जी, माननीय सांसदों से मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करती हूं। मेरी बात तो सुन लीजिए कि मैं क्या बोल रही हूं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Not now, please take your seat.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: The hon. Minister has already replied.

... (Interruptions)

SHRI VILAS MUTTEMWAR : We are not satisfied with the reply... (Interruptions)

---

* Not recorded

MR. SPEAKER: If you want to discuss it, you will have to give a notice for that. Then, we will discuss it.

... (Interruptions)

प्रो. रीता वर्मा : इसका क्या मतलब है, क्या आप ही लोग बोलते रहेंगे? मुझे अध्यक्ष महोदय ने बोलने के लिए अलाऊ किया हुआ है। यह क्या बात है, क्या हम लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have allowed Shrimati Rita Verma.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Please take your seat.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: What is this? Please take your seat. The hon. Minister has already replied. If you want to discuss the matter, you please give a notice for that.

... (Interruptions)

SHRI N.N. KRISHNADAS : Sir, we want a clarification from the hon. Minister... (Interruptions)

MR. SPEAKER: This is not good. Please understand.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shrimati Rita Verma, please speak.

... (Interruptions)

प्रो. रीता वर्मा : क्या हम लोग कुछ नहीं बोल सकते हैं। अरे भाई आप बोल चुके हैं। अब आप चुप हो जाईए। क्या आपको छोड़कर दूसरा कोई नहीं बोल सकता है? क्या आप मेरी बात सुनेंगे? मैं क्या कहना चाहती हूं कृपया मेरी बात सुन लीजिए। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The hon. Minister has already replied. Please understand.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions)*

---

* Not recorded

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS AND MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (DR. M. THAMBI DURAI): We have already identified it and we are considering the question... (Interruptions)

MR. SPEAKER: He has replied properly. Please understand.

... (Interruptions)

DR. M. THAMBI DURAI: In the Ministry, we are considering it... (Interruptions)

प्रो. रीता वर्मा : क्या आप इसी प्रकार से शोर करते रहेंगे। इसका क्या मतलब है। अब बैठ जाएं। मुझे बोलने दें।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record, except Shrimati Rita Verma's submission.

(Interruptions)*

प्रो. रीता वर्मा : अध्यक्ष जी, मैं आज जो प्रश्न इस सदन के सामने उठाना चाहती हूं वह बहुत महत्वपूर्ण है। मेरा प्रश्न यह है कि क्या हम सांवैधानिक मर्यादाओं का पालन कर रहे हैं? मैं मानती हूं कि आज की राजनीति बहुत ही स्पर्धात्मक हो गई है।

यह एक कम्पीटीटिव पोलिटक्स है। क्या हम एक दूसरे के विरूद्ध अब आरोप-प्रत्यारोप लगायेंगे?

... (व्यवधान)

क्या एक दूसरे को गालियां बकेंगे और हर तरह से असभ्य व्यवहार करेंगे?

... (व्यवधान)

हम सारी शालीनता, सारी सभ्यता को तिलांजलि दे देंगे?

... (व्यवधान)

मैं आज इस गौरवशाली सदन के सामने, देश के इस सबसे बड़े प्रजातंत्र के सामने यही प्रश्न खड़ा करना चाहती हूं।

... (व्यवधान)

श्री कांतिलाल भूरिया : अध्यक्ष महोदय, यह सरकार पक्षपात कर रही है। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: How can you say this? You cannot discuss all these things here. Please understand this.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: This is relating entirely to the State. You are making a statement about a person who is not a Member of this House.

---

* Not recroded

प्रो. रीता वर्मा : आप मुझे बोलने तो दीजिए।

... (व्यवधान)

किसी भी राज्य में राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रतिनिधि होते हैं।

... (व्यवधान)

राज्यपाल को खुले आम किसी राज्य की मुख्यमंत्री गाली दे ।

... (व्यवधान)

आप पूरी बात तो सुन लें। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: If you want, you can bring a substantive motion. This is not the way.

प्रो. रीता वर्मा (धनबाद): उन्होंने सभी को गालियां दी हैं।

... (व्यवधान)

कहा है

... । और जो लीडर ऑफ आपोजिशन बैठे हैं ... (व्यवधान)

क्या आज हम इस स्तर पर आ गये हैं।

... (व्यवधान)

मैं सिर्फ स्तर की बात कर रही हूं।

... (व्यवधान)

हम एक दूसरे की आलोचना करें, हम एक दूसरे के विरूद्ध खड़े हों लेकिन क्या हमारी राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर जाना चाहिए कि हम एक दूसरे को गाली-गलौज करें और राष्ट्रपति या राज्यपाल के खिलाफ इस तरह की बातें बोलें।

... (व्यवधान)

मैं आज इस गौरवशाली सदन के सामने यही प्रश्न उठाना चाहती हूं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You cannot discuss all these things here. He is not a Member of Lok Sabha. You must bring a substantive motion.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Prabhunath Singh, please understand that this is a State matter. You cannot raise this matter in the House. If you want, you can bring a Substantive Motion and not like this.

... (Interruptions)

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): लोक सभा में यह मामला उठ चुका है। ... (व्यवधान) इस पर कैसे बहस होगी, किस नियम के तहत होगी?

>

श्री प्रभुनाथ सिंह : हम आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं। कल बिहार में पटना में

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको भी बुलाएंगे।

Please take your seat.

श्री रघुवंश प्रसाद सिंहः हम सबसे पहले हैं।

... (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, बिहार की राजधानी पटना में गांधी मैदान में कल एक रैली हुई थी, जिस रैली में बिहार की मुख्य मंत्री श्रीमती राबड़ी देवी बोल रही थीं। राबड़ी देवी ने अपने भाषण में बिहार के महामहिम राज्यपाल को गाली दी है।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपको भी बुलाएंगे।

... (व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : ।।(

Interruptions)

गया।)

... (व्यवधान)

बिहार के पूर्व मुख्य मंत्री लालू प्रसाद यादव जी, जो चारा घोटाले के ९५० करोड़ रुपये की चोरी के आरोप में आज जेल में बन्द हैं...

MR. SPEAKER: This will not go on record.

(Interruptions) *

श्री प्रभुनाथ सिंह : ऐसी स्थिति में मैं माग करता हूं कि सरकार यहां बयान दे और बिहार सरकार को भंग करे।

... (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे मांग करता हूं कि आप खुराना जी से कहें कि वे इस मामले में बयान दें।

श्री मोहन सिंह (देवरिया): माननीय सदस्य सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। हम यह कहना चाहते हैं कि किसी भी राज्य के राज्यपाल एक सम्मानित व्यक्ति होते हैं। उनको किसी भी राज्य की चुनी हुई सरकार के खिलाफ घूम-घूमकर सार्वजनिक बयान देने का कोई अधिकार नहीं है। बिहार के राज्यपाल घूम-घूमकर बिहार की सरकार के खिलाफ अपनी मर्यादा के विरूद्ध जाकर आचरण कर रहे हैं

... (व्यवधान)

हमारी मांग है कि बिहार के राज्यपाल को वापस बुलाया जाए, क्योंकि वे वहां संवैधानिक संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं

... (व्यवधान)

इसलिए किसी निष्पक्ष व्यक्ति को वहां का राज्यपाल बनाया जाए। इसके साथ ही मैं यह भी मांग करना चाहता हूं कि इस तरह की बातें जो सदन में कही जा रही हैं उनको कार्यवाही से निकाला जाए। ... (व्यवधान)>

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): अध्यक्ष जी, यह ठीक है कि लॉ एंड ऑर्डर का मामला राज्य सरकार का विषय है, लेकिन आज जो समाचार पत्रों में वहां की मुख्य मंत्री का भाषण छपा है

... (व्यवधान)

श्री मोहन सिंह : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। समाचार पत्रों में छपी खबरों को आधार बनाकर यहां उनका उल्लेख नहीं किया जा सकता।

... (व्यवधान)

---

* Not recorded

** EXpunged as ordered by the Chair

श्री मदन लाल खुरानाः मैं सदन की भावना से होम मिनिस्टर साहब को अवगत करा दूंगा और उनसे कहूंगा कि इसमें वास्तविकता क्या है, उन्होंने क्या कहा है, इसका पता लगाएं।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, I call Shri V.M. Sudheeran to speak.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Nothing will go on record except what Shri V.M. Sudheeran says.

(Interruptions) .**

12.17 hrs.

(At this stage Shri Shakuni Choudhary and some other

Hon Members came and stood near the Table)

निकट खड़े हो गए।)

MR. SPEAKER: Please go back to your seats.

... (Interruptions)

12.18 hrs.

(At this stage Shakuni Choudhary and some other

Hon Members went back to their seats)

---

* Expunged as ordered by the Chair

** Not recorded